कार्यालय क्षेत्रीय प्रमुख
खनिज साधन विभाग, मध्यप्रदेश शासन
संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म
क्षेत्रीय कार्यालय रीवा मध्यप्रदेश
ई मेल – rhdgmrew@mp.gov.in
फोन एवं फैक्स न. 07662 222044, 222045

क्रमांक 1449/भौ./न.क्र./2020–21 रीवा दिनांक 22/12/2020

प्रति

प्रभारी अधिकारी खनिज
जिलाध्यक्ष कार्यालय
जिला रीवा (म.प्र.)

विषय :– ग्राम हर्रई गुजरान तह. मऊगंज जिला रीवा के ख.न. 2/1 (पी ) रकबा 4.460 हे. में खनिज पत्थर (यां. वि. से गिट्टी निर्माण) का उत्खनिपट्टा हेतु आवेदन पत्र। आवेदक स्वामी नित्यानंद जी महाराज स्टोन्स प्रो. श्री ललित पद्याल।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक 5210/खनिज/2020 रीवा दिनांक 13.11.2020

––00––

उपरोक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। आवेदित क्षेत्र के अक्षांश देशांश की जानकारी के अभाव में आवेदक द्वारा बताए गए आवेदित क्षेत्र एवं आसपास स्थित क्षेत्र में स्थित खदानों में विद्यमान चट्टानों के संस्तर का अवलोकन किया गया। क्षेत्रीय भौगोलिक एवं भूगर्भीय स्थिति के अनुसार क्षेत्र में विन्ध्य समूह की चट्टानें विद्यमान है। क्षेत्र में पाया जाने वाला खनिज क्वार्टजिटिक सेंड स्टोन है। जिसे गौण खनिज के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है। क्षेत्र में अन्य किसी प्रकार का मिनरलाईजेशन नहीं देखा गया। क्षेत्र में लगभग 2,23,000 घन मीटर खनिज उपलब्ध हो सकता है।

क्षेत्रीय प्रमुख
संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म
क्षेत्रीय कार्यालय रीवा मध्यप्रदेश

# कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–रीवा (म.प्र.)

E-mail- modgmrew@mp.gov.in

क्रमांक / 2023 / खनिज / 2023 रीवा दिनांक 16/06/2023

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी,
वनमण्डल रीवा (म.प्र.)

विषय :– वन मण्डल रीवा के परिक्षेत्र मऊगंज के वन कक्ष क्रमांक पी.एफ. 334 के रकवा 04.460 हे0 एवं रकवा 04.590 हे0 वन भूमि में सेंड पत्थर (अर्थात् क्रेशर के उपयोग हेतु) उत्खनन के व्यपवर्तन का – स्वामी नित्यानंद जी महाराज स्टोन्स, हुड्डा भिवानी, हरियाणा का क्रमशः आनलाइन प्रस्ताव क्रमांक FP/MP/MIN/152431/2022 एवं FP/MP/MIN/152432/2022

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक 5124 दिनांक 12.06.2023

---×-×-×---

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके द्वारा संदर्भित पत्र के संबंध में लेख किया गया है कि वन मण्डल रीवा के परिक्षेत्र मऊगंज के वन कक्ष क्रमांक पी.एफ. 334 के रकवा 04.460 हे0 के संबंध में उल्लेखित बिन्दुओं के संबंध में जांच खनि निरीक्षक से जांच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया।

जिसके अनुसार आवेदित स्थल पर खनिज सेंड स्टोन (क्वार्टजिटिक) प्रकृति का है। आवेदित क्षेत्र (वन भूमि) में प्रचुर मात्रा में खनिज उपलब्ध होना लेख किया गया है। आवेदित क्षेत्र से दूरस्थ दूरी पर खनिज गिट्टी, पत्थर उत्खनिपट्टा स्वीकृत होकर संचालित है। आवेदित क्षेत्र में जिस गुणवत्ता का खनिज विद्यमान है वह अन्य स्थानों पर नगण्य है। वांछित जानकारी आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर संप्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

प्रभारी अधिकारी खनिज
कलेक्टर जिला रीवा (म.प्र.)
प्रभारी अधिकारी खनिज
हेतु कलेक्टर जिला रीवा (म.प्र.)

5824
12-06-23